# Chapter – 4

## Basic Concept of Inventory

Basic Concept of Inventory (बेसिक कांसेप्ट ऑफ़ इन्वेंटरी)

इन्वेंटरी का मतलब कच्चे माल, बिक्री के लिए उपलब्ध आइटम और बिक्री के लिए तैयार हो रहे माल तीनो से है,दूसरे शब्दों में इन्वेंटरी से आशय किसी भी कंपनी द्वारा इन्वर्ट किया गया जो अमाउंट उसके द्वारा कच्चे माल, आधे बने माल और तैयार माल पर खर्च किया जाता है |किसी भी कंपनी की बैलेंस शीट में इन्वेंट्री को सम्पति के रूप में माना जाता है क्योकि वह बिक्री के बाद कैश में बदल जाता है |

**इन्वेंटरी ऑफ़ प्रोडक्शन कंपनी**

1. **Row Material :** उत्पादन प्रकिया को पूर्ण करने के लिए जो आइटम प्रयोग किया जाता है जिनसे सेल्स प्रोडक्ट बनता है वह रो मटेरियल कहलाता है |
2. **Work in process :** यह अर्ध्द निर्मित माल का मूल्य होता है अर्थात जो माल तैयार हो रहा है उसकी वैल्यू को वर्क इन प्रोसेस कहते है |
3. **Finished Goods :** यह वह इन्वेंटरी है जो निर्मित हो चुके माल में प्रयोग होती है अर्थात ऐसा माल जो बिक्री के लिए उपलब्ध हो |
4. **Consume :**वह आइटम जो किसी कंपनी के नियमित कार्यो के लिए प्रयोग होते है लेकिन यह प्रोडक्ट का पार्ट नहीं होते है |
   उदाहरण: साइकिल इन्वेंटरी के लिए नया निर्मित माल तथा साइकिल अंतिम उत्पाद है |

### Inventory Feature’s in Tally

### Inventory Features

इस फीचर के द्वारा हमें आवश्यक इनवेंटरी फीचर्स सेट किए जाने की सुविधा मिलती है। Company menu पर Inventory Features को सिलेक्ट करने पर हमें निम्नलिखित स्क्रीन प्राप्त होती है।

**Company Features →Inventory Features**

*1.General*

(a) Integrate accounts and inventory: यह फील्ड भी अकाउंटिंग फीचर्स में वर्णित किए गए कार्यों को ही निष्पादित करती है।

(b) Allow Zero Valued entries: यदि हम शून्य मूल्य की प्रविष्टियाँ करना चाहते है तो इस ऑप्शन को Yes पर सेट किया जाता है।

### *2. Storage and Classification*

**(a) Maintain multiple Godowns:** यदि हमारे पास एक से अधिक स्टॉक पॉइंट /स्टोरेज लोकेशन्स/ गोडाउन विद्यमान हैं और हम इन लोकेशन्स के मध्य होने वाले स्टॉक के संचालन का हिसाब-किताब रखना चाहते हैं तो इस Options को Yes पर सेट करे। हमारे द्वारा इस options को Yes पर सेट किए जाने बाद ही Gateway of Tally>Inventory info मैन्यू में गोडाउन्स पर stock options प्रदर्शित किया जाएगा। हम प्रत्येक लोकेशन पर अपने स्टॉक्स की पहचान करने में सक्षम होने के साथ ही साथ वाउचर एंट्री के दौरान एक अथवा अधिक लोकेशन्स के लिए स्टॉक संचालन प्रदान कर पाएँगे।

**(b) Maintain Stock Categories:** यदि हम स्टॉक केटैगरीज बनाना तथा व्यवस्थित रखना चाहते हैं तो इस options को Yes पर सेट करे। यह Stock item creation स्कीन के अंतर्गत एक नई फील्ड Category की रचना करेगा।

**(c) Maintain batch wise details:** स्टॉक आइटम्स से संबंधित बैच इंफॉर्मेशन को व्यवस्थित रखने हेतु इस options को Yes पर सेट करें| stock item creation स्कीन के अंतर्गत एक नई फील्ड Use expiry dates प्रदर्शित कर दी जाएगी।

(set expiry dates for batches): यदि हम बैचेज हेतु एक्सपायरी डेट्स सेट करना चाहते है तो इस options को Yes पर सैट करे यह stock item creation स्कीन के अंर्तगत एक अतिरिक्त फील्ड Use expiry dates Show करेगा। यह उन व्यवसायों के लिए उपयोगी होता है जो एक्सपायरी डेट्स वाले माल जैसे कि दवाइयाँ, भोजन और अन्य नाशवान पदार्थों का व्यापार करते हों। वाउचर एंट्री के दौरान डिफाल्ट रूप से वाउचर की दिनांक को ही उत्पाद के निर्माण की दिनांक के रूप में माना जाता है। इस दिनांक को परिवर्तित किया जा सकता है परंतु वाउचर दिनांक के बाद वाली किसी दिनांक पर नहीं। ठीक इसी तरह से एक्सपायरी दिनांक पर वाउचर दिनांक से पहले की दिनांक नहीं डाली जा सकती है।

**(d) use different actual & billed Qty:** यदि हम इनवॉइस तैयार करते समय actual और billed Quantity को अलग-अलग रखना चाहते है तो इस options को Yes पर सेट किया जाता है।

### 3. Order processing

**(a) Allow purchase order processing:** purchase orders बनाने हेतु यह options yes पर सेट करें। यह फीचर परचेज ऑर्डर के प्री-क्लोजर- हेतु भी प्रयुक्त किया जा सकता है।

(b) Allow sales order processing: sales orders बनाने हेतु यह options yes पर सेट करे। यह फीचर सेल्स ऑर्डर के प्रीआर्डर क्लोजर हेतु भी प्रयुक्त किया जा सकता है।

### 4. Invoicing

**(a) Allow Invoicing:** यह फील्ड भी अकाउंटिंग फीचर्स में वर्णित कार्यों का ही निष्पादन करती है।

**(b) Use debit/credit notes:** यह फील्ड भी अकाउंटिंग फीचर्स में वर्णित किए गए कार्यों का ही निष्पादन करती है।

**Use invoice mode for debit notes**: यह फील्ड भी अकाउंटिंग फीचर्स में वर्णित कार्यों का ही निष्पादन करती है।
**Use invoice mode for credit notes:** यह फील्ड भी अकाउंटिंग फीचर्स में वर्णित कार्यों का ही निष्पादन करती है।

### 5. Purchase Management

**Track additional of purchase:** यह फील्ड भी अकाउंटिंग फीचर्स में वर्णित किए गए कार्यों का ही निष्पादन करती है!

### 6. Sales Management

**Use Multiple price levels:** Multiple price levels निर्मित करने हेतु इस विकल्प को Yes पर सेट किया जाता है।

### 7. Additional Inventory Vouchers

**(a) Use tracking numbers (delivery/receipt notes):** यदि हम डिलीवरी नोट्स और invoice / bills के मध्य संबंध बनाए रखने के लिए ट्रेकिंग नम्बरों का उपयोग करना चाहते हैं तो इस विकल्प को Yes पर सेट करे। यह परचेज और सेल्स दोनों के लिए उपलब्ध है।

**(b) Use rejection inward/outward notes:** यदि हम माल की अस्वीकृति का रिकॉर्ड किसी सामान्य डेबिट नोट या क्रेडिट नोट के माध्यम से नहीं बल्कि अलग से रखना चाहते तो इस विकल्प को Yes पर सेट करे।